

न्याय सब के लिए

ACCESS TO JUSTICE FOR ALL

# NEWS LETTER

## Month - November 2020









**MADHYA PRADESH STATE LEGAL SERVICES AUTHORITY**

# Court Based Legal Services

## Lok Adalat Programmes

### *Online Lok Adalat*

With a view to resolve disputes of parties, the M.P. SLSA designed formats for conducting e-Lok Adalat. Accordingly, Special Lok Adalats for all matters through online mode was scheduled on **07.11.20** at the High Court level.

***Disposal at High Court Level***

| No. of cases taken up | Number of cases disposed | Settlement Amount | Benefitted persons |
|---|---|---|---|
| 93 | 86 | 1,01,33,000/- | 460 |

***Disposal at Distt. Court Level***

| No. of cases taken up | Number of cases disposed | Settlement Amount | Benefitted persons |
|---|---|---|---|
| 737 | 102 | 1,04,74,385 | 465 |

***Total Disposal (High Court + District Court)***

| No. of cases taken up | Number of cases disposed | Settlement Amount | Benefitted persons |
|---|---|---|---|
| 830 | 188 | 2,06,07,385 | 925 |

The natures of matters disposed through online mode are MACT, NI Act, Civil Disputes and Criminal Compound matters.

# *Preparation of National Lok Adalat (12.12.2020)*

***Pre sitting meetings conducted by DLSAs for making successful National Lok Adalat***




**DLSA DATIA**



**DLSA SIDHI**



**DLSA GUNA**



**DLSA MANDLESHWAR**



**DLSA ALIRAJPUR**




**DLSA HOSHANGABAD**



## नेशनल लोक अदालत के लिए बिजली कंपनी व बैंक के साथ की बैठक

**करैरा (नईदुनिया न्यूज)।** बुधवार को तहसील विधिक सेवा समिति करैरा ने 12 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत के आयोजन के लिए विद्युत विभाग व बैंक अधिकारियों के साथ न्यायालय प्रांगण में कोविड 19 के नियमों का पालन करते हुए प्री-सिटिंग बैठक का आयोजन किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने लोक अदालत में रखे जाने वाले प्री लिटिगेशन प्रकरणों में प्री सिटिंग के माध्यम से विद्युत अधिनियम, बैंक इत्यादि प्रकरणों को सरलता पूर्वक निपटान करने के संबंध में संबंधित अधिकारीगण को निर्देशित किया। बैठक में मुख्यत: प्री लिटिगेशन के माध्यम से प्रकरण न्यायालय आने से पूर्व भी निराकृत किए जाने पर बल देकर न्यायालय में लंबित प्रकरणों के उचित रूप से समझौता शुल्क ग्रहण कर निराकरण पर बल दिया गया। विद्युत चोरी के मामले में न्यायालय में लंबित प्रकरण में 25 प्रतिशत व विद्युत विभाग द्वारा निर्मित प्रकरण न्यायालय में संस्थित नहीं किए गए हैं। उसमें 40 प्रतिशत की छूट प्रदान की जा रही है।

इस अवसर पर समस्त न्यायिक मजिस्ट्रेटगण ज्ञानेन्द्र कुमार शुक्ला, विपेन्द्र सिंह यादव, मोहित श्रीवास्तव, दयाल सिंह सूर्यवंशी, विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री पाराशर, सहायक यंत्री, समस्त डीसी के कनिष्ठ यंत्री, बैंक अधिकारी-कर्मचारीगण, अधिवक्ता अशोक जैन एवं लवकुश चतुर्वेदी उपस्थित रहे।




**DLSA GUNA**



## नेशनल लोक अदालत 12 को, रथ द्वारा हो रहा प्रचार-प्रसार

**बुरहानपुर ●** जिला न्यायालय, बुरहानपुर में 12 दिसम्बर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में आपराधिक प्रकरण, सिविल मामलें, विद्युत अधिनियम, श्रम, मोटर दुर्घटना दावा के क्लेम प्रकरण, प्रीलिटेगेशन प्रकरण, निगोशिएबल इंस्ट्रूमेंट एक्ट के अन्तर्गत चैक बाउन्स प्रकरण, कुटुम्ब न्यायालय, ग्राम न्यायालय, राजस्व न्यायालय, बैंक वसूली, पारिवारिक विवाद मामले तथा अन्य समस्त प्रकार के समझौता योग्य प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। लोक अदालत के प्रचार-प्रसार एवं अधिक से अधिक मामलों के निराकरण के उद्देश्य से बुरहानपुर शहरी क्षेत्र, शाहपुर, नेपानगर, खकनार, धूलकोट क्षेत्र में प्रचार-प्रसार रथ एवं पैरालीगल वालेन्टियर्स के माध्यम से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।



दैनिक भास्कर
शिवपुरी भास्कर 26-11-2020

## नेशनल लोक अदालत की तैयारियां, बैंक और बिजली कंपनी ने दिया समझौते पर जोर

**भास्कर संवाददाता | करैरा**

तहसील विधिक सेवा समिति द्वारा आगमी दिनों 12 दिसंबर को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकिन बुधवार को न्यायालय प्रांगण में एक बैठक का आयोजित किया गया।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश अतुल सक्सेना ने लोक अदालत में रखे जाने वाले प्री लिटिगेशन प्रकरणों में प्री सिटिंग के माध्यम से विद्युत अधिनियम, बैंक प्रकरणों को सरलता पूर्वक निपटान करने के संबंध में संबंधित अधिकारियों को निर्देशित दिए। बैठक में मुख्यत प्री लिटिगेशन के माध्यम से प्रकरण न्यायालय आने से पूर्व भी निराकृत किए जाने पर बल देकर न्यायालय में लंबित प्रकरणों के उचित रूप से समझौता शुल्क ग्रहण कर निराकरण पर बल दिया गया। गौरतलब यह है कि विद्युत चोरी के मामले में न्यायालय में लंबित प्रकरण में 22 फीसदी एवं विद्युत विभाग द्वारा निर्मित प्रकरण न्यायालय में संस्थित नहीं किए गए हैं उसमें 40% की छूट प्रदान की जा रही है। इस अवसर पर न्यायिक मजिस्ट्रेट ज्ञानेंद्र कुमार शुक्ला, विपेंद्र सिंह यादव, मोहित श्रीवास्तव, दयाल सिंह सूर्यवंशी, विद्युत विभाग के अधीक्षण यंत्री पाराशर, सहायक यंत्री, समस्त डीसी के कनिष्ठ यंत्री, बैंक अधिकारी-कर्मचारी एवं अधिवक्ता मौजूद थे।

# Online Training and Webinar

## Online Dispute Resolution

## "Community Mediation Training"

### "Online Mediation Training of volunteers "Yadav Community" (02.11.2020-11.11.2020)



TheHitavada
Jabalpur City Line | 2020-11-12 | Page- 4
ehitavada.com

**MPSLSA organises Online Community Mediation Programme for 20 hours**

■ A senior retired personnel completed the 20 Hrs training despite having received 40 hrs training event under Institute of Corporate Affairs, Ministry of Corporate Affairs, New Delhi

■ Staff Reporter

THE Online Community Mediation Programme for 20 Hours, organised under the aegis of Madhya Pradesh State Legal Service Authority (MPSLSA) with the approval of the Main Mediation Monitoring Committee, is a very important step towards encouraging access to mediation. The programme commenced through online mode today extending to participants of Yadav Community in 09 districts. Among the participants one senior retired personnel also successfully completed the 20 Hrs training scheduled despite having received 40 Hrs Training Programme under the Institute of Corporate Affairs, Ministry of Corporate Affairs, New Delhi and he would now be competent to render his services in Madhya Pradesh.

Mediation as very important alternate dispute resolution mechanism earlier confined to the offices of the Legal Services Institutions will now be accessible at the level of the community through volunteers trained to resolve disputes within the society. The topics of the programme will include psychology of conflict, negotiation, bargaining, overcoming impasse and drafting of agreements and training imparted by Giribala Singh and Rajiv Karmahe- Judge Mediator, Potential Trainer.

Community Mediation Programme be implemented in each districts of State by the District Legal Services Authority units while M.P. State Legal Services Authority provides trainers to impart training to Community Mediation Volunteers.

Powered by Bharati Web Pvt Ltd

The occasion of Online Community Mediation Programme for 20 Hrs taken up under the aegis of MP SLSA with the approval of the Main Mediation Monitoring Committee is a very important step towards encouraging access to mediation. The programme commenced through online mode extending to participants of Yadav Community in 09 districts (Satna, Bhopal, Ratlam, Hoshangabad, Ujjain, Rewa, Indore, Raisen & Tikamgarh)

Among the participants one senior retired personnel also successfully completed the 20 Hrs training scheduled despite having received 40 Hrs Training Program under the Institute of Corporate Affairs, Ministry of Corporate Affairs, New Delhi and he would now be competent to render his services in Madhya Pradesh.

Mediation as very important alternate dispute resolution mechanism earlier confined to the offices of the Legal Services Institutions will now be accessible at the level of the community through volunteers trained to resolve disputes within the society and thereby settle the conflicts at grass root level.

The topics of the programme include psychology of conflict, negotiation, bargaining, overcoming impasse and drafting of agreements and training imparted by Ms. Giribala Singh & Mr. Rajiv Karmahe- Judge Mediator/ Potential Trainer. The confidentiality of the mediation process offers avoidance of hostility, restoration of trust between people and with procedural flexibility offers parties to arrive at win-win formula.

The Community Mediation Programme shall be implemented in each district by the District Legal Services Authority while M.P. State Legal Services Authority will provide trainers to impart training to Community Mediation Volunteers.






# Conducting Online and offline Training Programme for Panel Advocates & PLVs by DLSA

## DLSA NEEEMUCH

**(1)**

Online workshop through Google Meet application on "Important provisions and procedures related to check dishonor" by District Legal Services Authority, Neemuch, on 06 November 2020, under the joint aegis of District Legal Services Authority Mandsaur and District Legal Services Authority Jhabua was organized.




In addition to the provisions related to check dishonor, a detailed lecture was given by Chief Judicial Magistrate Neemuch as a subject expert and in response to queries of the participants regarding procedural difficulties, resolving queries etc.

In the workshop, panel lawyers, other advocates, judges and paralegal volunteers from Neemuch, Mandsaur and Jhabua attended the workshop.

**(2)**

## *Online workshop on important legal provision and procedure related to drugs cases.*

On 20 November 2020, the District Legal Services Authority, Neemuch, under the joint aegis of District Legal Services Authority Mandsaur, an online workshop / legal awareness camp was organized through the Google Meet application on the topic "Important provisions and procedures related to the NDPS Act". The opening address was given by District and Sessions Judge Neemuch Mr. Hridesh. He took the NDPS highlighting the need and usefulness of the creation of the Act (Narcotic Drug and Psychotropic Substances Act 1985), he directed the subject expert to extend his lectures to the benefits of defense of also not restricting it to prosecution.

Additional District Judge / District Legal Services Authority Neemuch Secretary, while providing information about the design of the workshop, conducted the program, and thanked.

Special Judge (NDPS) Manasa Shri Akhilesh Kumar Dhakad, Special Judge (NDPS) Jawad Shri Nitiraj Singh Sisodia, Special Judge (NDPS) Neemuch Mr. Vivek Kumar,Subject Expert Delivered detailed lectures regarding important provisions of the NDPS Act and the procedure to be followed and answered the queries of the participants.




Secretary, District Legal Services Authority Mandsaur and District Legal aid Officer also participated in the workshop Panel lawyers, other advocates, judges and paralegal

volunteers from District Authority Neemuch and Mandsaur also attended the workshop.

It is known that the District Legal Services Authority, Neemuch is organizing a series of lectures for trainning of panel advocates on various legal subjects under the able guidance of District Judge. Workshops have also been organized on the subject of the Protection of Children from Sexual Offenses Act (Pocso Act), Negotiable Instruments Act (NI ACT) and the upcoming workshop on "Important Provisions and Procedures of Juvenile Justice Act" is proposed on 27/11/2020.

## DLSA ALIRAJPUR
## ORIENTATION PROGRAMME FOR PLVs






# Inauguration

## NALSA (Legal Services to the Workers in the Unorganized Sector) Scheme 2015

## DLSA BHOPAL

***Inauguration of Legal Assistance Cell for Labourers on 09th November 2020***








# *Inauguration of Community Mediation Centre*





## DLSA INDORE – NEMA COMMUNITY



### मध्यस्थता केन्द्र में होगा विवादों का निपटारा

**ग्वालियर।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आयोजित प्रशिक्षण कार्यक्रम के पश्चात राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा अधिकृत ग्वालियर का प्रथम सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ लक्ष्मीगंज स्थित माधव बाल निकेतन में किया गया।

सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ जबलपुर से आए मप्र उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधिपति संजय यादव, राज्य वधिक सेवा की सदस्य सचिव गिरीबाला सिंह, राजीव कमहि, राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के उप सचिव अरविंद श्रीवास्तव उपसचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव ऋतुराज सिंह चौहान और न्यायाधीश संजय जैन द्वारा किया गया। सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के संचालक नूतन श्रीवास्तव और सुनील श्रीवास्तव ने बताया कि यहां पर कोर्ट में जाने से पूर्व ही आप अपने प्रकरणों का या अपने विवादों का निपटारा दोनों पक्षों की आपसी सुलह के द्वारा कर सकते हैं। इस केंद्र पर किसी भी प्रकार के पारिवारिक विवाद, पति-पत्नी के विवाद, जमीनी विवाद, पड़ोसी से विवाद आदि का निपटारा आपसी सुलह के आधार पर सिर्फ एक या दो बैठक में ही हो जाएगा। यदि कोई केस पूर्व में कोर्ट में लंबित है और दोनों पक्ष उसे सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र के माध्यम से निपटाना चाहते हैं तो वह सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र पर संपर्क कर सकते हैं।



### सबको न्याय दिलाने सामुदायिक मध्यस्थता केंद्र का शुभारंभ

**सागर |** विवादों को सरलता से निपटाने के लिए उच्च न्यायालय जबलपुर के निर्देशन में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने सामुदायिक मध्यस्थता के तहत लॉकडाउन में प्रदेश के 10 जिलों के नेमा समाज के 20 अधिवक्ताओं को आनलाइन प्रशिक्षण मुख्य न्यायाधीश जबलपुर संजय यादव, सदस्य सचिव गिरीबाला सिंह एवं न्यायाधीश राजीव कर्महे ने दिया था। इनमें सागर से सीनियर अधिवक्ता महेश नेमा एवं अधिवक्ता कमलेश नेमा प्रशिक्षित हुए। इस सामुदायिक मध्यस्थता केन्द्र के कार्यालय का गुरुवार को झंडा चौक गोपालगंज में जिला एवं सत्र न्यायाधीश बीआर पाटिल व प्राधिकरण सचिव विधि सक्सेना ने किया। इस दौरान प्रशिक्षित मध्यस्थ अधिवक्ता महेश नेमा एवं कमलेश नेमा को जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिए गए प्रमाणपत्र प्रदान किए गए। कार्यक्रम में बार एसोसियेशन अध्यक्ष अंकलेश्वर दुबे, राजेश कुमार मिश्रा, बीके यादव, पूर्व महापौर मनोरमा गौर, नेमा समाज के जिला अध्यक्ष डीपी नेमा, आनंद नेमा सहित अधिवक्ता बीएन दुबे, रामकुमार व्यास, रामनारायण यादव, रमन जारौलिया सहित अधिवक्ता उपस्थित थे।

## DLSA INDORE – KAYASTHA COMMUNITY

## DLSA SAGAR

# *Jail Inspection*

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल

जिला जेल बैतूल में व्यवस्थाओं को लेकर लगातार जेल प्रबंधन पर लगते आरोप के चलते जिला एवं सत्र न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल के आदेश पर सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल एवं जिला विधिक सहायता अधिकारीके द्वारा दिनांक 06.11.2020 को जिला जेल बैतूल का औचक निरीक्षण किया गया।



सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल द्वारा जेल के सभी बैरको के निरीक्षण के दौरान जेल किचन का भी निरीक्षण किया गया जब किचन में पॅहुचे एवं भोजन संबंधी जानकारी प्राप्त की। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल द्वारा स्वयं ही किचन में भोजन का स्वाद लिया गया। निरीक्षण के दौरान एक बंदी द्वारा पेशी नही होने की समस्या बतायी, जिस पर सचिव द्वारा तुरंत उस मामले के संबंध में जानकारी ली गई तो पाया गया की उक्त मामला भैसदेही न्यायालय में लंबित है, तब उसी समय भैसदेही न्यायालय में दूरभाष पर चर्चा की गई एवं उक्त मामले में ऑनलाईन पेशी किये जाने के संबंध में कहा गया।

जेल में स्थापित चिकित्सा केन्द्र एवं वहां उपलब्ध डॉ. से भी बातचीत की गई। साथ ही महिला बंदी बैरक का भी निरीक्षण किया एवं साफ–सफाई एवं स्वच्छता का भी जायजा लिया तो पाया की सभी बैरको में उचित स्वच्छता पाई गई। इसके साथ ही बंदी एवं उनके परिजनों से मुलाकात कक्ष का भी निरीआण किया गया।





# एडीजे ने 58 मिनट किया जेल का निरीक्षण

### आलू- पत्ता गोभी की रसीली सब्जी का लिया स्वाद, व्यवस्थाओं पर संतोष जताया

ताप्ती दर्शन बैतूल

व्यवस्थाओं को लेकर लगातार सुर्खियों में बनी जिला जेल बैतूल का शुक्रवार को एडीजे मनोज कुमार मंडलोई ने 58 मिनट तक निरीक्षण किया। पिछले कुछ दिनों में जिला जेल में तीन कैदियों ने खराब भोजन की शिकायत करते हुए आत्महत्या का प्रयास किया, इनमें दो बंदियों ने टॉयलेट क्लीनर पीकर तो एक ने गिलास से खुद का गला काटकर जान देने की कोशिश की। टॉयलेट क्लीनर पीने वाले एक बंदी की मौत हो चुकी है, जबकि दूसरे का उपचार जारी है। इस घटना के बाद गिलास से गला काटने वाले बंदी के मामले में भी खराब खाने की शिकायत ने तूल पकड़ा था, जिसके बाद एडीजे मनोज कुमार मंडलोई ने शुक्रवार को जेल का औचक निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान उन्होंने जेल का किचन, बैरक एवं स्वच्छता एवं स्वास्थ्य व्यवस्थाओं का बारीकी से निरीक्षण किया। निरीक्षण के बाद एडीजे ने विजिटिंग रजिस्टर पर पाईंट टू पाईंट टीप भी लिखी। इस दौरान उनके साथ विधिक सहायता अधिकारी श्री डेहरिया भी मौजूद थे। जेल पहुंचे एडीजे ने जेल अधीक्षक बीके कुडापे एवं अन्य स्टॉफ से भी विभिन्न जानकारियां प्राप्त की।

### सुबह 11.27 से दोपहर 12.29 तक किया निरीक्षण

जिला जेल का निरीक्षण करने पहुंचे एडीजे जब किचन में पहुंचे तो यहां रोटियां, मूंग की दाल और आलू और पत्ता गोभी की सब्जी बनकर तैयार थी। कुछ बंदी भोजन भी करते मिले। एडीजे श्री मंडलोई एवं विधिक सहायता अधिकारी श्री डेहरिया ने भी जेल में बंदियों के लिए बने खाने का स्वाद चखा, उन्होनें प्रतिक्रिया देते हुए यह भी कहा कि जेल में इससे बेहतर क्या मिलेगा। निरीक्षण के दौरान एडीजे ने सभी वार्डों में पहुंचकर बंदियों से मुलाकात की। महिला वार्ड का भी निरीक्षण किया। एडीजे ने जेल के विजिटिंग रजिस्टर पर लिखी टीप में यह उल्लेख भी किया है कि बंदियों ने जेल प्रशासन की किसी भी व्यवस्था की शिकायत नहीं की। भोजन एवं स्वास्थ्य संबंधी व्यवस्था में भी कोई असुविधा न होने की बात बंदियों ने कही। एडीजे श्री मंडलोई ने हाल ही में अपना गला गिलास से काटने वाले बंदी के बैरक में रहने वाले बंदियों से चर्चा भी की। इस दौरान बंदियों ने भी उक्त बंदी के बीमार रहने के संबंध में जानकारी दी। जेल में स्वच्छता पर भी उन्होनें संतोष जताया। उन्होंने अपनी टीप में बंदियों की परिजनों से मुलाकात और टेलीफोन से मुलाकात व्यवस्था के सुचारु होने का भी उल्लेख किया है। श्री मंडलोई ने जेल प्रशासन की वर्तमान व्यवस्था पर संतोष जताया।

### इनका कहना...

जिला जेल में ऐडीजे द्वारा निरीक्षण किया गया। इस दौरान उन्होंने भोजन भी चखा और जेल की व्यवस्थाओं पर संतोष जताया।

**बीके कुडापे, जेल अधीक्षक बैतूल**

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया



जिला जेल दतिया में बंदियों के अधिकार विषय पर विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में सचिव, जेलर श्री भास्कर पाण्डेय उपजेल अधीक्षिका श्रीमति ममता नार्वे, जेल , चिकित्सक जेल स्टॉफ एवं बंदीगण उपस्थित रहे। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया द्वारा शिविर मे, बंदियों को निःशुल्क विधिक सहायता, बंदियों के अधिकार एवं लोक अदालत विषय पर विस्तृत जानकारी दी।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर



सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण इंदौर द्वारा जेल इंदौर में शिविर एवं निरीक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में बंदियों को उनके अधिकार के बारे में विस्तृत जानकारी प्रदान की।

# *Child home Inspection*

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट

जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बालाघाट द्वारा दिनांक 17.11.2020 को सावित्री ज्योतिबाई बालिका गृह का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान बच्चों को लैगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम 2012 के संगत प्रावधानों की सरल भाषा में जानकारी दी गई, साथ ही दीपावली त्यौहार का अवसर होने से बच्चों को पैक स्वल्पाहार प्रदाय किया गया। संस्था के माध्यम से देखरेख करने वाले सभी कर्मचारियों को माननीय सर्वोच्च न्यायालय नई दिल्ली एवं शासन–प्रशासन के द्वारा कोविड–19 से बचाव रखने, साफ–सफाई, भोजन एवं अन्य खान–पान की उचित व्यवस्था करने एवं स्वास्थ्य का लगातार ध्यान रखने के संबंध में निर्देशित किया गया।





DLSA DATIA



dainik jagran date 25 nov 2020

# वन स्टाप सेंटर व बाल संप्रेषण गृह का किया निरीक्षण

## निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में दी जानकारी

**जागरण, रीवा।** मध्यप्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देशानुसार जिला एवं सत्र न्यायाधीश अरूण कुमार सिंह के मार्गदर्शन में विपिन कुमार लवानिया सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के नेतृत्व में वन स्टॉप सेंटर एवं बाल सम्प्रेषण गृह में विधिक साक्षरता शिविर आयोजित किया गया। वन स्टॉप सेंटर में सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण विपिन कुमार लवानिया, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मुकेश यादव एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी अभय कुमार मिश्रा शिविर व निरीक्षण के दौरान उपस्थित रहे। श्री लवानिया ने वन स्टॉप सेंटर में पीड़ित महिलाओं को मिल रही सुविधाओं के संबंध में निरीक्षण करते हुए वन स्टॉप सेंटर के उपस्थित कर्मचारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश प्रदान किए। अपर जिला सत्र न्यायाधीश मुकेश यादव ने वन स्टॉप सेंटर में बालिकाओ के संबंध में मूलभूत सुविधाओं की समीक्षा की और आवश्यक सुधार हेतु दिशा निर्देश प्रदान किये। इस अवसर पर बाल सम्प्रेषण गृह का निरीक्षण किया गया। विधि के विरोध में किशोरों को निःशुल्क विधिक सहायता के बारे में जानकारी दी गई एवं बाल सम्प्रेषण गृह में बालकों को भोजन चिकित्सा इत्यादि सुविधाओं के संबंध में सुधार हेतु निर्देशित किया गया। निरीक्षण के दौरान वन स्टॉप सेंटर की शिवानी द्विवेदी, क्षितिज पाण्डेय, सुप्रिया जैन, प्रभा घोष एवं बाल सम्प्रेषण गृह रीवा में अधीक्षक जितेन्द्र गुप्ता उपस्थित रहे।

DLSA REWA

# Circulation of Pamphlets and Hanbook on Fundamental Duties & Rights published by MPSLSA






# Outreach Activities under Panch "J"

## Preserving Our Beautiful Blue Planet

The concept of 'Panch J" i.e. Jal (Water), Jungle (Forest), Jameen (Land), Jan (People) and Jaanwar (Animals) was revisited keeping in view relevant schemes of NALSA are (Effective implementation of Poverty alleviation) Scheme 2015 & NALSA (Protection & Enforcement of Tribal Rights) Scheme 2015. Madhya Pradesh has a large tribal and agrarian population. This has been addressed by Legal Services Institutions at two levels

(a) Needs of those persons whose livelihood is dependent on the environment.

(b) Preserving, protecting and rejuvenating the environment essential to maintain the ecosystem.

Apart from organized tree plantation programmes in coordination with Officers and Officials of the government, DLSAs have taken on the responsibility to prepare monthly reports on activities while spreading the message of Consume less, compost food waste, choose reusable over single-use and creatively re-cycle.

### जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल

सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, बैतूल के मार्गदर्शन में भीमपुर विकास खंड के अंतर्गत ग्राम पंचायत महतपुर जावरा एवं बटकी में जल संरक्षण के किये जाने हेतु पैरालीगल वॉलेटियर/समाजसेवी श्री लवकेश मोरसे द्वारा बोरी बंधान किया गया। महतपुर जावरा के द्वन्डिया नाले में 100 बोरी एवं ग्राम पंचायत बटकी के झिरना नाले में 80 बोरियों वाला बोरी बंधान ग्रामवासियों के सहयोग से बनाया गया। पैरालीगल वॉलेटियर श्री लवकेश मोरसे द्वारा प्रतिवर्ष ऐसे नालो में ग्रामवासियों के सहयोग से बोरी बंधान किया जाता है। उक्त अभियान अक्टूबर–नवंबर माह के अंतर्गत किया जाता है जिससे नाले के आस–पास के खेतों में सिचाई

हेतु जल पर्याप्त मात्र में उपलब्ध रहे जिससे ग्रामवासी स्वयं की खेती कर खाने एवं अन्य आवश्यक वस्तुओं हेतु अनाज बेच कर अपना एवं अपने परिवार का भरण–पोषण कर सके। उक्त अभियान से ग्रामवासी को खाने हेतु पर्याप्त अनाज उपलब्ध होने से काम की तलाश में अन्यत्र स्थान नही जाते है।







दैनिक ताप्ती दर्शन | बैतूल, बुधवार 04 नवम्बर 2020 | Email-taptidarshan2@gmail.com

बोरी बंधान से जल संरक्षण की अलख

बोरियों से रोका पानी, प्रस्फुटन एवं बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों का प्रयास

ताप्ती दर्शन दामजीपुरा

भीमपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महतपुर जावरा एवं बटकी में जल संरक्षण के तहत बोरी बंधान किया गया। महतपुर जावरा के द्रन्डिया नाला में 100 बोरी एवं ग्राम पंचायत बटकी के झिरना नाला में 80 बोरी, चीरा में सड़क स्थित नाले पर 80 बोरी का बंधान बनाया गया। बोरी बंधान के लिए समाजसेवी पीएलवी लवकेश मोरसे के द्वारा प्रति वर्ष अक्टूबर-नवंबर के माह में जल संरक्षण हेतु मोटिवेट किया जाता है। बोरी बंधान करना एवं स्टॉप डेमो में कड़ी शटर लगाना, जिससे कि हम छोटी-छोटी नदियों एवं नालों पर पानी को जगह-जगह पर रोक सकें, जिससे कहीं न कहीं वाटर लेवल में वृद्धि हो पाए और साथ ही हमारे कृषकों को अपनी भूमि पर सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध हो पाएगा। लवकेश मोरसे ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर प्रस्फुटन समितियों एवं बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के द्वारा पंचायत का सहयोग लेकर बोरी बंधान के कार्य पूरे विकासखंड में किए जा रहे हैं। बोरी बंधान कार्य में सरपंच मानसिंग परते, सचिव चंपालाल मर्सकोले, भैयालाल इवने, ब्रजलाल इरपाचे, जंगलसा परते एवं लवकेश मोरसे उपस्थित रहे।



पानी की इंतजाम | दंडिया नाला में 100 बोरी, बटकी के झिरना नाला में 80 बोरी एवं चीरा में सड़क नाले पर 80 बोरी का बंधान बनाया

जावरा, बटकी व चीरा गांव में किए बोरी बंधान

क्षेत्र में 3 स्थानों पर किया गया बोरी बंधान। ● नवदुनिया

दामजीपुरा (नवदुनिया न्यूज)। भीमपुर विकासखंड की ग्राम पंचायत महतपुर जावरा एवं बटकी में मंगलवार को 3 स्थानों पर बोरी बंधान किए गए। महतपुर जावरा के दंडिया नाला में 100 बोरी, बटकी के झिरना नाला में 80 बोरी एवं चीरा में सड़क नाले पर 80 बोरी का बंधान बनाया गया। समाजसेवी लवकेश मोरसे के द्वारा ग्रामीणों को बोरीबंधान के लिए प्रेरित किया गया था। मोरसे ने बताया कि ग्रामीण स्तर पर प्रस्फुटन समितियों एवं बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों द्वारा पंचायत का सहयोग लेकर बोरी बंधान के कार्य विकासखंड में किए जा रहे हैं।

बोरी बंधान कार्य के दौरान सरपंच मानसिंग परते, सचिव चंपालाल मर्सकोले, भैयालाल इवने, ब्रजलाल इरपाचे, जंगलसा परते, लवकेश मोरसे एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

कढ़ाई के ग्रामीणों ने किया बोरी बंधान

बैतूल। बारिश बंद होने के बाद अब नदी-नालों का बहाव भी कम होने लगा है। ऐसे में नदी-नालों में मौजूद पानी को रोक कर जल संरक्षण का कार्य भी जगह-जगह शुरू हो गया है। इसी कड़ी में मंगलवार को समीपी ग्राम कढ़ाई में ग्रामीणों ने गांव की नदी पर बोरी बंधान किया और जल महोत्सव मनाया। जल प्रबंधन के इस आयोजन में ग्रामवासियों के साथ ही विद्या भारती एकल शिक्षक विद्यालय तथा भारत भारती संस्था के सदस्यों ने भी 3 घंटे तक श्रमदान किया और बोरी बंधान में सहयोग प्रदान किया। पर्यावरणविद और भारत भारती आवासीय विद्यालय के सचिव मोहन नागर ने बताया कि इस लघु प्रयास से आसपास के किसानों की कम से कम 25 एकड़ खेती की सिंचाई होगी।



महतपुर जावरा के द्रन्डिया नाल, बटकी झिरना नाला, चीरा के रोड नाला पर हुआ बोरी बंधान

लोक संवेदना दस्तक, 7697767059

दामजीपुरा। बैतूल जिले के भीमपुर विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत महतपुर जावरा एवं बटकी में बोरी बंधान के कार्य हुए दोनों पंचायतों में अलग–अलग जगहों पर बोरी बंधान के कार्य किए गए। जिसमें महतपुर जावरा के द्रन्डिया नाला में 100 बोरी का एवं ग्राम पंचायत बटकी के झिरना नाला में 80 बोरी एवं चीरा में सड़क नाले पर 80 बोरी का बोरीबंधान बनाया गया। बोरी बंधान के लिए समाजसेवी पीएलवी लवकेश मोरसे के द्वारा प्रति वर्ष अक्टूबर–नवंबर के माह में जल संरक्षण हेतु मोटिवेट किया जाता है, बोरी बंधान करना एवं स्टॉप डेमो में कड़ी सटर लगाना जिससे कि छोटी–छोटी नदियों एवं नालों पर पानी को जगह जगह पर रोक सके जिससे कहीं ना कहीं वाटर लेवल में वृद्धि हो पाए और साथ ही कृषक भाइयों को अपनी भूमि पर सिंचाई के लिए भी पानी उपलब्ध हो पाए।

लवकेश मोरसे ने बताया कि मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर प्रस्फुटन समितियों एवं बीएसडब्ल्यू के विद्यार्थियों के द्वारा पंचायत का सहयोग लेकर बोरी बंधान के कार्य पूरे विकासखंड में किए जा रहे हैं।

# Success Story

## DLSA JABALPUR

Deepawali night when the people at large were in the celebration mode, a wandering person on the streets of Jabalpur near Civil Lines was found homeless and in tottered condition.

On receiving information, the DLSA Jabalpur in coordination with the police officials delivered medical care and through the brief information gathered from the wandering person, he was relocated with his family near Bargi around 30kms from Jabalpur.





## DLSA DINDORI

## Assistance to Disabled Persons

Reuniting wandering mentally disabled lady with her family members by DLSA Dindori in coordination with the Government agencies and DLSA Shahdol. The lady was restored with her family after 1.5 years of absence.



**डेढ़ वर्षों बाद परिजनों से मिली मानसिक अस्वस्थ महिला**

**डिंडौरी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली की, मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों के लिए विधिक सेवायें 2015 योजना के अंतर्गत राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशन व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी द्वारा प्राधिकरण के अध्यक्ष जिला न्यायाधीश डीएन मिश्र के मार्गदर्शन में डिण्डौरी नगर में मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों को विधिक सेवायें करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव-अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश द्वारा थाना कोतवाली के निरीक्षक चन्द्र किशोर सिरामे के साथ मीटिंग कर जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं पुलिस विभाग के समन्वय में ऐसे मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों को विधिक सेवायें उपलब्ध कराने के संबंध में सचिव चर्चा हुई। प्राधिकरण के सचिव प्रवीण पटेल द्वारा मानसिक स्व... अधिनियम 2017 के अंतर्गत ...

में उचित विधिक सहायता दिलाई जाने में सहायता करने की बात कही। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी के द्वारा की गई पहल के परिणाम स्वरूप पुलिस विभाग डिण्डौरी की सक्रियता से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य एक महिलाए जो अपने परिवार से लगभग डेढ़ वर्षों से दूर थी, के परिवार की तलाश कर जो कि जिला शहडोल का होना कहा जाता है, से उसे मिलाया गया, महिला के परिवार द्वारा उपस्थित होकर उक्त महिला को अपने साथ उसकी देख-भाल करने हेतु ले जाया गया। इस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण डिण्डौरी की पहल व पुलिस विभाग डिण्डौरी की सक्रियता से डेढ़ वर्षों से अपने परिवार से दूर महिला अपने परिवारजन से मिल गई महिला के परिवारजन को आवश्यकतानुसार मानसिक



बैठक

**जिला विधिक सेवा प्राधिकरण और पुलिस के सहयोग से हुआ संभव**

**डेढ़ वर्ष से भटक रही महिला को स्वजनों से मिलवाया**

डिंडौरी (नईदुनिया प्रतिनिधि)। मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों के लिए विधिक सेवाएं योजना के अंतर्गत जिला न्यायाधीश डीएन मिश्र के मार्गदर्शन डिंडौरी नगर में मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों को विधिक सेवाएं प्रदान करने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव द्वारा कोतवाली में बैठक की गई। बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण व पुलिस विभाग के समन्वय से ऐसे मानसिक रूप से अस्वस्थ्य व्यक्तियों को विधिक सेवाएं उपलब्ध कराने के संबंध में चर्चा की गई। प्राधिकरण के सचिव प्रवीण पटेल द्वारा मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 के अंतर्गत पात्र व्यक्तियों की खोजकर उनके संबंध में उचित विधिक सहायता दिलाए जाने में सहायता करने की बात कही गई। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा की गई पहल के परिणाम स्वरूप पुलिस विभाग की सक्रियता से मानसिक रूप से अस्वस्थ्य एक

डिंडौरी। महिला को लेने कोतवाली पहुंचे स्वजन। • नईदुनिया

महिला जो अपने परिवार से लगभग डेढ़ वर्ष से दूर थी। उसके परिवार की तलाश की गई। महिला का परिवार जिला शहडोल का होना बताया गया। महिला को उसके स्वजनों द्वारा देखभाल करने के लिए अपने साथ कोतवाली पहुंचकर ले जाया गया। इस प्रकार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की पहल व पुलिस विभाग की सक्रियता से पिछले डेढ़ वर्ष से अपने परिवार से ... रही महिला अपने स्वजनों से मिल गई। महिला के स्वजनों को आवश्यकतानुसार मानसिक स्वास्थ्य अधिनियम 2017 के अंतर्गत इलाज उपलब्ध कराए जाने ...

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल



शहडोल शहर मे एस पी बंगला के पास मुख्य सड़क के किनारे फुटपाथ पर एक निराश्रित और असहाय वृद्ध के पड़े होने की जानकारी स्थानीय द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल के पैरालीगल वालेंटियर राम शिरोमणी पाण्डेय को दी गयी, उक्त व्यक्ति के दाहिने पैर मे चोट होने के कारण चल भी नही पाता था तथा खुले मे ही पड़ा रहता था, ठंड से बचाव हेतु आमजन द्वारा उसे कंबल दिया गया एवं भोजन दिया जाता था, नागरिकों द्वारा उक्त व्यक्ति के लिये कोई व्यवस्था कराये जाने का आग्रह किया।



दिनांक 07.11.2020 को जानकारी प्राप्त होने पर पीएलवी राम शिरोमणी पाण्डेय द्वारा वहां जाकर वृद्ध से संपर्क करने का प्रयास किया गया। तथा सचिव जिला प्राधिकरण शहडोल के मार्गदर्शन मे निराश्रित और असहाय वृद्ध के पुनर्वास के लिए प्रयास शुरू किया गया। सर्वप्रथम जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की सहायता से वृद्ध का जिला चिकित्सालय में ईलाज करवाया गया। ईलाज पूर्ण होने के पश्चात् उक्त वृद्ध को कल्याणपुर वृद्धाश्रम में भेजा जावेगा।



# Other Activities of DLSA’s

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया

**(1)** दिनांक 07/11/2020 को जिला विधिक सेवा प्राधिकरण दतिया के पैरालीगल वालेंटियर्स श्री सत्येन्द्र दिसौरिया एवं सुभाष दांगी द्वारा मूकबधिर विद्यालय दतिया में बच्चों को फलों एवं भोजन का वितरण कराया गया।



### (2) नालसा (नशा पीढ़ितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन) योजना के शिविर का आयोजन

दिनांक 19/11/2020 को समर्पण नशा मुक्ति केन्द्र दतिया मे विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में नालसा (नशा पीडितों को विधिक सेवाएं एवं नशा उन्मूलन) के लिए योजना की विस्तृत जानकारी दी गयी तथा नशा मुक्ति केन्द्र के प्रशासक को संस्थान में मौजूद समस्तजनों का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण कराते रहने, सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करने, साफ सफाई, बनाये रखने के संबंधी आदि आवश्यक निर्देश दिए गए। शिविर में अनुमानित 65 व्यक्ति लाभान्वित हुए साथ ही लोागों को नशे के दुष्प्रभाव तथा उसकी बुराईयों के बारे में बताया गया।





## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सीधी



दिनांक 20.11.2020 को महिला एवं बाल विकास विभाग के सहयोग से ऑनलाईन विधिक एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया जिसमें जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव के द्वारा 12 दिसम्बर 2020 को आयोजित होने वाली लोक अदालत का लाभ उठाये जाने के संबंध में चर्चा की गई साथ प्राधिकरण के योजना महिलाओं के अधिकार के संबंध में जानकारी दी गई।

## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बैतूल

कोरोना महामारी के बढ़ते प्रभाव तथा संक्रमण पर काबू पाने के उद्देश्य से जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा जिला न्यायालय के मध्यस्थता केन्द्र में दो दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। उपरोक्त स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में न्यायालय में कार्यरत सभी न्यायिक अधिकारी, कर्मचारीगण, अधिवक्तागण तथा न्यायालय में आने वाले पक्षकारगणों के स्वास्थ्य का परीक्षण जिला चिकित्सालय के चिकित्सकों की टीम द्वारा किया गया। स्वास्थ्य परीक्षण शिविर के प्रथम दिन दिनांक 04.11.2020 में कुल 165 सैंपल की जांच की गई तथा दूसरे दिन दिनांक 05.11.2020 में कुल 71 सैंपलों की जांच की गई, जिसमें कुल तीन व्यक्ति कोरोना पॉजीटिव पाये गये।






# Celebrating Legal Services Day
## (09.11.2020)



**TheHitavada**

Jabalpur City Line | 2020-11-10 | Page- 4
ehitavada.com

**MPSLSA holds Legal Service Day programme at office**

The programme organised on Legal Service Day at MPSLSA.

■ Staff Reporter

LEGAL Service Day was observed under the guidance of Justice Sanjay Yadav, Patron-in-Chief and Executive Chairman, MP State Legal Services Authority in Madhya Pradesh State Legal Services Authority office and all District Legal Services Authorities, on Monday.

The Legal Services Day is observed every year on November 9 as the Legal Services Authorities Act 1987 was enacted on this date. Under this Act, Legal Service Institutes have been set up across the Country to provide legal services along with organizing camps and Lok Adalat especially for the needy and marginalized sections of the society.

A brief programme was organized in the State Legal Services Authority while following the covid-19 protocol. In the said programme, the activities organized in the last year and the results achieved were discussed and the target activities to be undertaken in the coming year were also discussed ensuring that benefit of Legal Service Schemes reaches to needy persons in every corner of society. Further, discussions were also held regarding the smooth and effective organization of Lok Adalat to be held on December 12, 2020 while adhering COVID 19 guidelines.

Giribala Singh Member-Secretary, D.K. Singh, Additional Secretary, Arvind Shrivastava Deputy Secretary, Zeeshan Khan and Jeetendra Mohan Dhurve DLAOs along with other Officers and employees of MP SLSA were present.

Powered by Bharati Web Pvt Ltd

On 09.11.2020 under the guidance of Hon'ble Shri Justice Sanjay Yadav, Hon'ble Patron-in-Chief & Executive Chairman, M.P. State Legal Services Authority, Legal Services Day was organized in Madhya Pradesh State Legal Services Authority office and all District Legal Services Authorities. The Legal Services Day is observed every year on 09 November as the Legal Services Authorities Act 1987 was enacted on this date.

On this occasion, a brief programme was organized in the State Legal Services Authority while following the covid-19 protocol wherein the activities organized in the last year and the results achieved were discussed and the target activities to be undertaken in the coming year were also discussed ensuring that benefit of legal service Schemes reaches to needy persons in every corner of society. On this occasion some DLSAs distributed certificates of under Social Security Pension Scheme.

Similar programmes were also organized by different District Legal Services Authorities across the State in Jails, observation homes, schools, colleges and Gram Panchayats etc. DLSA Jhabua in coordination with Social Justice Department and Janpad Panchayat Jhabua, approved 10 matters under Social Security Pension Schemes during the camp and also certificates were distributed to said beneficiaries. Beneficiaries also felicitated with Shawls and Shreephals.

Further, discussions were also held through Video Conferencing from DLSAs regarding the smooth and effective organization of National Lok Adalat to be held on 12.12.2020 while adhering to Covid 19 guidelines.





## जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, झाबुआ




